सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 24 | इंदौर, गुरुवार 13 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## जिस रामलीला मैदान में खड़गे ने की थी रैली, उसका किया गया 'शुद्धिकरण'

**मचा सियासी बवाल**



**हल्द्वानी, (एजेंसी)** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की 8 अगस्त को उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित रामलीला मैदान में हुई 'विजय शंखनाद रैली' के बाद अब सियासत गर्मा गई है. खड़गे रैली कर लौट गए, लेकिन उनके जाने के बाद रामलीला मैदान में हुए शुद्धिकरण यज्ञ को लेकर कांग्रेस और बीजेपी आमने-सामने आ गई हैं.

रैली के बाद श्री राम सेना धर्मार्थ सेवा न्यास की ओर से रामलीला मैदान में शुद्धिकरण यज्ञ कराया गया. संगठन के सदस्यों ने खड़गे को सनातन और हिंदू संगठनों का विरोधी बताते हुए कहा कि जिस मैदान में रामलीला का मंचन होता है, वहां ऐसे व्यक्ति के आने के बाद मैदान का शुद्धिकरण किया जाना जरूरी था. संगठन ने खड़गे के पिछले कथित सनातन विरोधी बयानों को इसका आधार बताया.

लेकिन यज्ञ की अग्नि के साथ ही सियासत भी भड़क उठी. कांग्रेस अनुसूचित मोर्चे ने इस पूरे घटनाक्रम को दलित विरोधी मानसिकता बताते हुए बीजेपी पर निशाना साधा. कांग्रेस का आरोप है कि शुद्धिकरण यज्ञ बीजेपी से जुड़े लोगों ने कराया. पार्टी नेताओं ने सवाल उठाया कि आखिर कांग्रेस की रैली के बाद ही रामलीला मैदान के 'शुद्धिकरण' की जरूरत क्यों पड़ी?

## मकर द्वार पर सत्ता पक्ष-विपक्ष दोनों का प्रदर्शन, BJP बोली- एक्सपोज हो गए हैं राहुल गांधी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** संसद के मॉनसून सत्र का आज आखिरी दिन है. सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का प्रदर्शन संसद परिसर में जारी है. पहले भी संसद के अंदर और बाहर सत्ता और विपक्ष के बीच भारी हंगामा देखने को मिला है. विपक्ष के हंगामे पर निशाना साधते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के रवैये पर नाराजगी जताई. रिजिजू ने कहा कि अपने तीस साल के लंबे संसदीय जीवन में उन्होंने ऐसा गैर-जिम्मेदार विपक्ष कभी नहीं देखा. रिजिजू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी दल संसद में गंभीर मुद्दों पर चर्चा से लगातार भाग रहे हैं और उनका मुख्य काम सिर्फ तख्तियां लेकर सदन में नारेबाजी करना रह गया है. रिजिजू ने लोकसभा में साफ कहा है कि सरकार छात्रों के प्रदर्शन और नीट जैसे अहम मुद्दों पर तुरंत चर्चा शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है. उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब देश के गृह मंत्री खुद सभी सवालों के जवाब देने के लिए तैयार बैठे हैं, तो विपक्ष को सदन में बहस से भागना नहीं चाहिए.

● बिजली, पवन और स्टोरेज मप्र में टोरेंट का मेगा एनर्जी मिशन

# 43 हजार करोड़ का निवेश, सीएम की टोरेंट चेयरमैन से मुलाकात, बड़ा ऐलान






@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। एमपी को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़े निवेश का रास्ता साफ होता दिख रहा है। सीएम मोहन यादव ने बुधवार को अहमदाबाद में टोरेंट ग्रुप एवं टोरेंट पावर लिमिटेड के चेयरमैन समीर मेहता से मुलाकात की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि टोरेंट ग्रुप की संचालित और विकासाधीन परियोजनाओं में प्रदेश में 43 हजार करोड़ से अधिक का निवेश किया जा रहा है।**

बता दें कि सरकार का दावा है कि ग्रुप की इन परियोजनाओं से 15 हजार से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### अनूपपुर में 1600 MW का बड़ा पावर प्रोजेक्ट

प्रदेश की दीर्घकालिक बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए अनूपपुर में टोरेंट पावर की 1600 मेगावाट क्षमता की अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना विकसित की जा रही है। करीब 22 हजार करोड़ की इस परियोजना से लगभग 7 हजार रोजगार मिलने का अनुमान है। परियोजना के लिए मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के साथ 27 जनवरी 2026 को पावर परचेज एग्रीमेंट हो चुका है। भूमि अधिग्रहण पूरा हो गया है और निर्माण कार्यों के लिए एलएंडटी तथा टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों को काम सौंपा गया है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की मंजूरी के बाद साइट पर प्री-कंस्ट्रक्शन गतिविधियां चल रही हैं।

### छिंदवाड़ा में 1500 MW पंप्ड स्टोरेज

ऊर्जा भंडारण और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए छिंदवाड़ा में 1500 MW की पातालकोट पंप्ड स्टोरेज परियोजना पर भी काम जारी है। इसमें करीब 7,500 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है और इससे लगभग 4 हजार रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इसके अलावा रतलाम और उज्जैन में 250 MW की पवन ऊर्जा परियोजनाएं विकासाधीन हैं। इन पर करीब 2 हजार करोड़ निवेश और 500 रोजगार का प्रावधान है।

### एक और 800 MW थर्मल प्रोजेक्ट

टोरेंट ग्रुप द्वारा प्रदेश में 800 MW की एक और अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना पर भी काम किया जा रहा है। इसमें करीब 11 हजार करोड़ का निवेश प्रस्तावित है और लगभग 3,500 रोजगार के अवसर बनने की बात कही गई है।

### 2800 MW की नई निविदा में टोरेंट को न्योता

बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए राज्य सरकार 2800 MW ताप विद्युत क्षमता की खरीद के लिए DBFOO मॉडल पर निविदा प्रक्रिया शुरू कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोरेंट पावर को इस बड़ी निविदा प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

### पीथमपुर में फार्मा प्लांट भी

टोरेंट ग्रुप का निवेश केवल ऊर्जा तक सीमित नहीं है। धार जिले के पीथमपुर में समूह की USFDA-अनुमोदित फार्मा विनिर्माण इकाई संचालित है। करीब 300 करोड़ के निवेश वाली इस इकाई में 400 से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, भंडारण और फार्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों में टोरेंट ग्रुप का निवेश मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को नई गति देगा।

**मिनटों में बुझेगी आग**

# इंदौर में बन रहे 5 हाईटेक फायर स्टेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में आगजनी की घटनाओं पर जल्द से जल्द काबू पाने के लिए नगर निगम ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। शहर की बढ़ती आबादी और भौगोलिक विस्तार को देखते हुए 5 नए स्थानों पर फायर सबस्टेशन बनाने का काम तेजी से प्रक्रिया में है। कुछ चिन्हित स्थलों पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इन नए केंद्रों को पूर्ण रूप से संचालित करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने राज्य शासन को संसाधनों, दमकल गाड़ियों और आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती का विस्तृत प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेजा है।



नगर निगम के अपर आयुक्त आशीष पाठक के मुताबिक अब तक इंदौर में आग लगने की स्थिति में पुराने फायर स्टेशनों और दूर स्थित सबस्टेशनों से दमकल गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में लंबा समय लग जाता था। घनी आबादी और ट्रैफिक के कारण अक्सर राहत कार्य प्रभावित होते थे। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में 5 नए सबस्टेशन बनाने के लिए भूमि चिन्हित की गई। इनमें देवगुराड़िया, न्याय नगर के पास, लसुड़िया क्षेत्र और अन्य स्थान शामिल हैं।

गड्ढों में बह रही जनता की गाढ़ी कमाई

# इंदौर निगम रोज उड़ा रहा 14 लाख रुपए न टीमें दिख रहीं न सुधर रहीं सड़कें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर नगर निगम सड़कों के गड्ढे भरने पर रोजाना करीब 14 लाख रुपये खर्च करता है। सालाना करीब 50 करोड़ रुपये का बजट सिर्फ गड्ढे भरने के लिए आरक्षित है। सड़कों के निर्माण पर आने वाला खर्च इससे अलग है।**

इतने भारी भरकम खर्च के बावजूद शहर में गड्ढे कम होने का नाम नहीं ले रहे। गड्ढों को भरने के लिए आरक्षित यह पैसा गड्ढे में जा रहा है। पैचवर्क चल कहां रहा है, किसी को नहीं मालूम। शहरवासी गडढों में चलने को मजबूर हैं। न पेचवर्क में जुटी टीम कहीं नजर आ रही है न गड्ढों



से मुक्ति मिल रही है। चौंकाने वाली बात तो यह कि आरक्षित राशि का एक बड़ा हिस्सा पेचवर्क के नाम पर निगम खर्च कर भी चुका है। बावजूद इसके सड़कों की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। शहर में लगभग 70 प्रतिशत सड़कों का पूरी तरह से सीमेंटीकरण हो चुका है। बावजूद इसके अब भी पेचवर्क के नाम पर डामर का काम कराया जाता है। नगर निगम ने इस काम के लिए 50 करोड़ रुपये वार्षिक का बजट रखा है। यह बात खुद महपौर पुष्यमित्र भार्गव भी स्वीकार कर चुके है। इतनी भारी राशि खर्च करने के बावजूद शहरवासी गड्ढेनुमा सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। आरक्षित राशि में से करीब 12 करोड़ रुपये तो खर्च हो भी चुके हैं। सवाल इस बात पर भी उठ रहा है कि जब शहर में ज्यादातर सड़कें सीमेंट की हैं तो फिर डामर के पेचवर्क का क्या औचित्य। पानी गिरते ही डामर हट जाता है और फिर गड्ढे दोबारा नजर आने लगते हैं। जनकार्य प्रभारी नगर निगम राजेंद्र राठौर ने कहा कि पेचवर्क का काम सतत चलता है। वर्षाकाल से पहले पूरे शहर में पैचवर्क कर सड़कों के गड्ढे भरवाए थे। ठेकेदारों को एक साल तक इन सड़कों का रखरखाव भी करना है। फिलहाल वर्षा की वजह से काम रूका हुआ है। वर्षा थमते ही ठेकेदार बगैर किसी अतिरिक्त राशि के दोबारा पेचवर्क करेंगे। हमने सभी ठेकेदारों को इस बारे में निर्देश जारी कर दिए हैं।

## होलकर कॉलेज का पीछे का गेट बंद, विद्यार्थी परेशान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। होलकर विज्ञान महाविद्यालय में पीछे का गेट बंद किए जाने से विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ गई है। गेट बंद होने से विद्यार्थियों को तीन से चार किमी घुमकर आना पड़ रहा है। जिसके विरोध में श्री राजपूत करणी सेना छात्र संगठन के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में मंगलवार को प्रदर्शन किया।**

इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पीछे का गेट नियमित रूप से खोलने की मांग की। छात्र संगठन ने कॉलेज प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर बताया कि महाविद्यालय के पीछे बड़ी संख्या में छात्रावास और विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्थाएं हैं। यहां रहने वाले कई विद्यार्थी प्रतिदिन इसी रास्ते से कॉलेज आते-जाते हैं। पीछे का गेट बंद होने के कारण अब विद्यार्थियों को मुख्य मार्ग से होकर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। कॉलेज अध्यक्ष विकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीछे का गेट उनके लिए महज एक वैकल्पिक रास्ता नहीं, बल्कि रोजाना कॉलेज आने-जाने का सुविधाजनक मार्ग है। गेट बंद होने के कारण उन्हें अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे समय की भी बर्बादी हो रही है और विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन से गेट को नियमित रूप से विद्यार्थियों के आवागमन के लिए खोलने की मांग की। छात्र संगठन का कहना है कि कॉलेज में बड़ी संख्या में विद्यार्थी आसपास के छात्रावासों और आवासीय क्षेत्रों से आते हैं, ऐसे में पीछे का गेट बंद रखना छात्रहित में नहीं है। प्रदर्शन और ज्ञापन के बाद कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों की बात सुनी। प्राचार्य की ओर से छात्रों को आश्वासन दिया गया कि पीछे का गेट जल्द खोल दिया जाएगा।

प्रमाण पत्र बनवाना हुआ आसान

## वॉट्सऐप और 181 पर कॉल करके भी पा सकेंगे आय-मूलनिवासी सर्टिफिकेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्य प्रदेश में जाति, मूलनिवासी और आय प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को आसान कर दिया गया है। आवेदक एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर ऑनलाइन या लोक सेवा केंद्र पर ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।**

आवेदन के बाद संबंधित अधिकारी कागजों की जांच करने के बाद तय सीमा में डिजिटल प्रमाण पत्र जारी कर देते हैं। पढ़ाई, सरकारी नौकरी और कल्याणकारी योजनाओं के लिए यह दस्तावेज महत्वपूर्ण होते हैं। जाति प्रमाण पत्र ओबीसी, एससी और एसटी के लिए जारी किया जाता है।

यह बात अमोघ श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक, लोक सेवा प्रबंधन इंदौर ने हेलो नईदुनिया कार्यक्रम में पाठकों के सवालों के जवाब देते हुए कही। उन्होंने कहा कि आवेदन के समय समग्र आईडी, आधार कार्ड और परिवार के सदस्यों का पूर्व में जारी जाति प्रमाण पत्र या पूर्व में प्रदेश में रहने का रिकॉर्ड देना अनिवार्य है। इसमें एसी एवं एसटी वर्ग के आवेदकों को 1950 का रिकॉर्ड और ओबीसी के लिए 1984 का रिकॉर्ड देना अनिवार्य है। जाति प्रमाण पत्र 30 कार्य दिवस के भीतर जारी हो जाता है।




मध्य प्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र यह प्रमाणित करता है कि आवेदक राज्य का स्थायी निवासी है। इसके लिए आनलाइन और आफलाइन दोनों तरह से आवेदन किए जा सकते हैं। आधार कार्ड, समग्र आईडी और एक स्व-घोषणा पत्र देना होता है। सात दिन में दस्तावेज बनाने की समय सीमा है। आय प्रमाण पत्र के लिए आधार, समग्र आईडी और आय का स्व-प्रमाणित घोषणा पत्र देना होता है। इंदौर में प्रमाण पत्र बनवाने के लिए वाट्सअप चैट की सुविधा दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा 9407035437 वाट्सअप नंबर जारी किया गया है। इस पर आवेदक आवेदन और प्रमाण पत्र की प्रक्रिया कर सकते हैं। आवेदकों की समस्याओं का समाधान भी यहां पर किया जाता है। इसके अलावा 181 पर कॉल कर भी आय और मूलनिवासी प्रमाण पत्र बनवाए जा सकते हैं।

राजपूत समाज की अनूठी पहल

## देशभक्ति गीतों और नृत्य से गूंजेगा इंदौर

### शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने और नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से सर्व राजपूत समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट और आनंद मोहन माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 13 अगस्त को आनंद मोहन माथुर सभागृह में होने वाले इस आयोजन में इंदौर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी देशभक्ति गीतों और राष्ट्रगीतों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

किशोर सिंह पवार, कमलेश्वर सिंह सिसोदिया दिलीप सिंह पवार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 13 अगस्त सुबह 10 बजे से विद्यालयों के विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से होगी। विद्यार्थी देशभक्ति गीतों पर सोलो और सामूहिक गायन के साथ अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं शाम के सत्र में राष्ट्रगीतों पर परंपरागत एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शहर के अलग-अलग विद्यालय से एक सोलो और एक सामूहिक प्रस्तुति के लिए विद्यार्थियों को अवसर दिया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतियोगिता के साथ बच्चों की प्रतिभा को मंच देना और उनमें राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति तथा शहीदों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है।उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागी विद्यालयों को भी सम्मानित किया जाएगा, जबकि विद्यार्थियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य बच्चे अपनी कला के माध्यम से शहीदों को नमन करते हैं, तो राष्ट्रप्रेम की भावना केवल मंच तक सीमित नहीं रहती, बल्कि नई पीढ़ी के संस्कारों का हिस्सा बनती है।

**डेयरी एनालॉग पर प्रतिबंध के आदेश के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की बड़ी कार्रवाई**

# 1816 किलो डेयरी एनालॉग खाद्य पदार्थ जप्त, अनुमानित कीमत ₹4.72 लाख, पनीर निर्माण इकाई का कार्य तत्काल प्रभाव से बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनस्वास्थ्य एवं उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए डेयरी एनालॉग (Dairy Analogues) एवं वास्तविक दुग्ध उत्पादों का आभास कराने वाले गैर-दुग्ध खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण, विक्रय, आपूर्ति एवं उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार ऐसे उत्पादों के संबंध में उपभोक्ताओं को भ्रमित होने से बचाने, उत्पाद की वास्तविक प्रकृति एवं पहचान में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त आदेश के परिपालन में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर इंदौर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर द्वारा आज दिनांक 12 अगस्त 2026 को विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर डेयरी एनालॉग एवं वास्तविक दुग्ध उत्पादों के रूप में विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों की जांच हेतु नमूना कार्रवाई की गई तथा संदिग्ध/प्रतिबंधित श्रेणी के खाद्य पदार्थों के स्टॉक को जप्त किया गया।



**उमापति इंडस्ट्रीज में लो-फैट पनीर की जांच, 450 किलो पनीर जप्त; निर्माण कार्य तत्काल बंद-** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा उमापति इंडस्ट्रीज, 305/2 पार्ट-10, पालदा, इंदौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोपराइटर श्री सावन उपाध्याय उपस्थित पाए गए। परिसर में लो-फैट पनीर का निर्माण एवं पैकिंग किया जाना पाया गया। परिसर के निरीक्षण के दौरान ड्रेनेज व्यवस्था उचित नहीं पाई गई तथा परिसर की दीवारें गंदी पाई गईं। रॉ मटेरियल पैलेट्स पर व्यवस्थित रूप से रखा हुआ नहीं पाया गया तथा भंडारण व्यवस्था भी अव्यवस्थित पाई गई। खाद्य पदार्थ के लेबल पर अंकित न्यूट्रीशनल इन्फॉर्मेशन के संबंध में आवश्यक जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त इंग्रीडिएंट लिस्ट के अनुसार पनीर के निर्माण में पानी का उपयोग किया जाना पाया गया, किंतु उपयोग किए जा रहे पानी की जांच संबंधी रिपोर्ट भी मौके पर उपलब्ध नहीं पाई गई। परिसर में निर्मित एवं पैक किए जा रहे लो-फैट पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया। साथ ही खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता एवं निर्माण परिस्थितियों के संबंध में संदिग्धता के आधार पर लगभग 450 किलोग्राम पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,17,000 है, को विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने तक जप्त किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ पनीर के निर्माण हेतु आवश्यक एवं उपयुक्त परिस्थितियां नहीं पाए जाने के कारण परिसर में खाद्य पदार्थों का निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया तथा आवश्यक सुधार एवं अनुपालन के निर्देश दिए गए।

**नारायण डेयरी से 350 किलो पनीर जप्त-** एक अन्य कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा नारायण डेयरी, ग्राम अकवी, तहसील महू, इंदौर का निरीक्षण किया गया। मौके से खाद्य पदार्थ पनीर के 3 नमूने जांच हेतु लिए गए। पनीर की गुणवत्ता एवं उसके डेयरी एनालॉग होने की संभावना के दृष्टिगत लगभग 350 किलोग्राम पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,05,000 है, को जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक जप्त किया गया। लिए गए नमूने परीक्षण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

**मोहनी मावा भंडार से 716 किलो डेयरी एनालॉग मावा जप्त-** इसी क्रम में नंदा नगर स्थित मोहनी मावा भंडार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लूज मीठा मावा, जो डेयरी एनालॉग श्रेणी का खाद्य पदार्थ है, के 63 बैग, प्रत्येक में 10 किलोग्राम, इस प्रकार कुल 630 किलोग्राम स्टॉक पाया गया। इसके अतिरिक्त सिद्धेश्वरी डिलीशियस स्वीट्स के 3 पैक पॉली बैग, प्रत्येक में 10 किलोग्राम, इस प्रकार कुल 30 किलोग्राम खाद्य पदार्थ के नमूने जांच हेतु लिए गए। डेयरी एनालॉग उत्पाद होने के कारण शेष स्टॉक सहित कुल लगभग 716 किलोग्राम खाद्य पदार्थ, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2,00,000 है, को आगामी आदेश तक जप्त किया गया।

**श्री बालाजी ट्रेडिंग से 300 किलो मावा जप्त-** एक अन्य कार्रवाई में श्री बालाजी ट्रेडिंग, भोलाराम उस्ताद मार्ग, इंदौर का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रोपराइटर श्री गिरीश शहने उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान खोदल ब्रांड एवं कृष्णा ब्रांड के स्वीट मावा तथा कंचन श्री ब्रांड के मिल्क केक के कुल 3 नमूने जांच हेतु लिए गए। डेयरी एनालॉग खाद्य पदार्थों के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालन में मौके पर उपलब्ध शेष लगभग 300 किलोग्राम मावा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50,000 है, को आगामी आदेश एवं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक जप्त किया गया।

**कुल 1,816 किलो खाद्य पदार्थ जप्त-** इस प्रकार आज दिनांक 12 अगस्त 2026 को डेयरी एनालॉग खाद्य पदार्थों के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए कुल लगभग 1,816 किलोग्राम खाद्य पदार्थ, जिसकी अनुमानित कुल कीमत लगभग 4.72 लाख है, जप्त किया गया। साथ ही पनीर, मावा एवं अन्य संबंधित खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि डेयरी एनालॉग अथवा वास्तविक दुग्ध उत्पाद का आभास कराने वाले गैर-दुग्ध खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, विक्रय एवं उपयोग के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। ऐसे खाद्य पदार्थों के संबंध में उपभोक्ताओं के हित एवं जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

लिए गए खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों एवं जारी आदेश के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# खजराना गणेश मंदिर में दान पेटियों से प्राप्त राशि की गिनती का काम जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में दान पेटियों से प्राप्त राशि की गिनती का काम लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। मंगलवार तक 17 दान पेटियां खोली जा चुकी थीं, जिनसे कुल 72 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस राशि को आधिकारिक रूप से बैंक खातों में जमा करा दिया गया है।**



बुधवार को भी दान पेटियों से निकली नकदी की गिनती की गई। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट के अनुसार, मंदिर परिसर में कुल 40 दान पेटियां हैं। इन्हें तीन से चार महीने के अंतराल में खोला जाता है। इस बार भी दान पेटियों से नकदी के अलावा सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामग्री प्राप्त हुई है। सभी दान पेटियों की क्रमवार गिनती की जाएगी। दान राशि की गिनती का काम लगातार जारी है। बुधवार को भी कई दान पेटियां खोलकर उनमें जमा राशि की गणना की गई। बुधवार को प्राप्त कुल राशि का आधिकारिक आंकड़ा प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी किया जाएगा। बाकी दान पेटियों की गिनती में अभी कुछ दिन और लगने की संभावना है। दान राशि की गिनती में पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। गणना स्थल पर चार सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा एक वीडियोग्राफर पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग कर रहा है। दान पेटियों को संबंधित स्थान से लाने से लेकर उन्हें खोलने और राशि की गिनती तक हर चरण की वीडियोग्राफी की जा रही है। पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि इससे पहले मार्च में दान पेटियां खोली गई थीं। उस दौरान करीब चार महीने में जमा हुई दान राशि से कुल 1 करोड़ 35 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। इस राशि को भी बैंक खाते में जमा करा दिया गया था।

# एमआर-10 ब्रिज पर चलती बाइक में लगी आग, गार्ड ने कूदकर बचाई जान

**इंदौर।** विक्रम पिता रमेशचन्द्र यादव अपनी बाइक एचएफ डिलक्स एमपी-39 एमयू 1290 से एमआर 10 ब्रिज पर जा रहे थे तभी चलती बाइक में आग लग गई। पेशे से गार्ड का काम करने वाले विक्रम ने आग लगने के बाद गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे बाइक में अच्छा खासा नुकसान हुआ। बंगले से सेक्योरिटी गार्ड का काम पूरा कर आज सुबह अपने गांव रेवती विक्रम लौट रहा था तभी आग की घटना घटी। आग बाइक के इंजन के नीचे लगी थी जो पूरी बाइक में फैल गई। आग बुझाने की कोशिश भी की गई, लेकिन बाइक की आग नहीं बुझी, जबकि फायर सेफ्टी उपकरण का उपयोग भी किया गया था। बाइक करीब 4 साल पुरानी बताई गई, यह भी बताया कि पेट्रोल लीकेज होने से यह आग लगी।

# भजन संध्या के दौरान युवक की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरा नगर थाना क्षेत्र में दो दिन पहले खाटू श्याम की भजन संध्या के दौरान हुई चाकूबाजी की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ते हुए मुख्य आरोपी कल्ला और उसके साथियों की तलाश तेज कर दी है।**



पुलिस के अनुसार, मृतक तेजपाल पाल खाटू श्याम की भजन संध्या में शामिल होने गया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसका चार युवकों से विवाद हो गया। आरोप है कि मुख्य आरोपी कल्ला ने अपने साथियों के साथ मिलकर तेजपाल पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तेजपाल के परिचित उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। हीरा नगर थाना पुलिस ने पहले हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी, लेकिन इलाज के दौरान तेजपाल की मौत हो जाने के बाद प्रकरण में हत्या की धारा जोड़ दी गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी कल्ला सहित उसके साथियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, मृतक तेजपाल पाल मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ललितपुर का रहने वाला था। वह हाल ही में अपनी पत्नी और बेटे के साथ इंदौर आया था और शहर के एक रेस्टोरेंट में वेटर के रूप में काम करता था।

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी कल्ला पहले से आपराधिक प्रवृत्ति का है। वह लसूडिया थाना क्षेत्र में हुई एक चाकूबाजी की घटना में भी आरोपी है और उस मामले में फरार चल रहा था। पुलिस अब दोनों मामलों के संबंध में उसकी तलाश कर रही है।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैंनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

# ऊर्जा क्षेत्र में बड़े निवेश से मध्यप्रदेश बनेगा आत्मनिर्भर,15 हजार से अधिक रोजगार होंगे सृजित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*टोरेंट ग्रुप प्रदेश में 43 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कर रहा है निवेश*

- अनूपपुर में 22 हजार करोड़ के निवेश से 1600 मेगावाट की ताप विद्युत परियोजना का निर्माण जारी
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अहमदाबाद में टोरेंट ग्रुप के चेयरमैन श्री समीर मेहता से की मुलाकात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति और राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में टोरेंट ग्रुप द्वारा प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। टोरेंट ग्रुप की संचालित एवं विकासाधीन विभिन्न परियोजनाओं से प्रदेश में 43 हजार करोड़ रूपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है, जिससे 15 हजार से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद में टोरेंट ग्रुप एवं टोरेंट पावर लिमिटेड के चेयरमैन श्री समीर मेहता से भेंट एवं उच्चस्तरीय विचार-विमर्श के बाद कही।इस दौरान आद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, सचिव श्री जॉन किंसले और एमडी, एमपीआईडीसी श्री चंद्रमौली शुक्ला उपस्थित रहे।

**अनूपपुर में 22 हजार करोड़ रुपए की 1,600 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना-** राज्य की दीर्घकालिक विद्युत आपूर्ति एवं बेसलोड क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए अनूपपुर जिले में टोरेंट पावर द्वारा 1,600 मेगावाट क्षमता की अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना स्थापित की जा रही है। लगभग 22,000 करोड़ रुपए के निवेश वाली इस परियोजना से लगभग 7000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (MPPMCL) के साथ 27 जनवरी 2026 को पावर परचेज एग्रीमेंट (PPA) निष्पादित किया जा चुका है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण हो चुका है और एलएंडटी और टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं को कार्य आवंटित कर दिए गए हैं। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त होने के साथ ही वर्तमान में स्थल पर प्री-कंस्ट्रक्शन गतिविधियां तेजी से जारी हैं।

**पंप्ड स्टोरेज, पवन ऊर्जा और अतिरिक्त थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स का विस्तार-** हरित ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण को बढ़ावा देने के क्रम में छिंदवाड़ा जिले में 1,500 मेगावाट क्षमता की पातालकोट पंप्ड स्टोरेज परियोजना पर कार्य चल रहा है, जिसमें 7,500 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है और इससे लगभग 4,000 रोजगार सृजित होंगे। इसके अतिरिक्त रतलाम एवं उज्जैन में 250 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना विकासाधीन है, जिसमें 2,000 करोड़ रुपए का निवेश और 500 रोजगार शामिल हैं। मंदसौर में समूह की 36 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा इकाई पूर्व से सफलतापूर्वक संचालित है। साथ ही टोरेंट ग्रुप द्वारा 800 मेगावाट क्षमता की एक और अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना पर भी कार्य किया जा रहा है, जिसमें 11,000 करोड़ रुपए के निवेश से 3,500 रोजगार मिलने का प्रावधान है।

**भावी ऊर्जा जरूरतों के लिए 2,800 मेगावाट की DBFOO निविदा में आमंत्रण-** राज्य की बढ़ती विद्युत मांग तथा भविष्य की विश्वसनीय विद्युत उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) द्वारा वर्ष 2036-37 तक राज्य को लगभग 1,900 मेगावाट अतिरिक्त ताप विद्युत आवश्यकता का आंकलन किया गया है। इसके दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा कुल 2,800 मेगावाट ताप विद्युत क्षमता के क्रय हेतु DBFOO (डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन एंड ऑपरेट) आधार पर पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

## अनुकंपा नियुक्ति वाला क्लर्क निकला करोड़पति?

**EOW का छापा :2.48 करोड़ की संपत्ति मिली, पत्नी के नाम ब्यूटी पार्लर; आय से 290% अधिक प्रॉपर्टी**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला, एजेंसी। मध्यप्रदेश के मंडला में 20 साल पहले अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले फॉरेस्ट विभाग के क्लर्क श्वेतांक चौरसिया के घर बुधवार सुबह जबलपुर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) ने छापा मारा। कार्रवाई में अब तक करीब 2.48 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति मिलने की जानकारी सामने आई है। EOW के अनुसार, चौरसिया की वैधानिक आय लगभग 55-60 लाख रुपए आंकी गई है, जबकि बरामद संपत्तियां उससे कई गुना अधिक हैं।**

### मकान, दुकान, नकदी और जेवर मिले

तलाशी में एक मकान, दुकान, नकद राशि, सोना-चांदी और वाहन मिले हैं। प्रारंभिक मूल्यांकन में मकान की कीमत लगभग 1.50 करोड़ रुपए और दुकान की कीमत करीब 51.50 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा 5 लाख रुपए नकद, 85 ग्राम सोने के आभूषण, 2.8 किलोग्राम चांदी के आभूषण, घरेलू सामान और इंटीरियर तथा वाहन भी बरामद किए हैं।

### आय से 290 गुना अधिक संपत्ति का संदेह

EOW ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिलने पर चौरसिया के खिलाफ गोपनीय जांच शुरू की थी। जांच में उनका व्यय ज्ञात आय से करीब 290 प्रतिशत अधिक पाया गया। अधिकारियों का कहना है कि तलाशी में मिली संपत्तियों के अंतिम मूल्यांकन के बाद यह अंतर और बढ़ सकता है।

### 14 सदस्यीय टीम ने की कार्रवाई

जबलपुर EOW की 14 सदस्यीय टीम सुबह मंडला के राज राजेश्वरी वार्ड स्थित चौरसिया के आवास पहुंची। कार्रवाई में दो डीएसपी, इंस्पेक्टर, हवलदार और अन्य अधिकारी शामिल रहे। स्थानीय प्रशासन की ओर से मेडिकल टीम, राजपत्रित गवाह और सुरक्षा बल भी मौजूद रहे। EOW ने मंडला न्यायालय से तलाशी वारंट लेकर यह कार्रवाई की।

## 16 अगस्त को रात 12 बजे खुलेंगे नागचंद्रेश्वर के पट

**नागपंचमी और सावन सोमवार एक ही दिन, 8 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार 17 अगस्त को सावन माह का तीसरा सोमवार और नागपंचमी पर्व एक साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के पट 16 अगस्त की रात्रि 12 बजे से 17 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुले रहेंगे। नागपंचमी पर्व के साथ ही श्रावण मास का तृतीय सोमवार होने के कारण भगवान श्री महाकाल की सवारी भी नगर भ्रमण पर निकलेगी।**

भगवान श्री नागचंद्रेश्वर का प्रथम पूजन महंत पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा द्वारा 16 अगस्त की रात्रि 11:30 बजे से 12 बजे तक पट खुलने के समय किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे शासकीय पूजन तथा संध्या आरती के समय मंदिर के पुजारी एवं पुरोहित द्वारा पूजन किया जाएगा। मंगलवार को श्री महाकाल महालोक के त्रिनेत्र मीटिंग कक्ष में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, मंदिर प्रशासक प्रथम



कौशिक, महंत विनीत गिरि सहित संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी नागपंचमी पर्व एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्ट रौशन कुमार सिंह ने नागपंचमी पर्व पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुगम दर्शन, पार्किंग, यातायात, पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

नागपंचमी पर प्राथमिक उपचार के लिए कर्कराज पार्किंग, भील समाज धर्मशाला, नृसिंह घाट तिराहा, हरसिद्धि चौराहा, चारधाम मंदिर पार्किंग, बड़ा गणेश मंदिर, विश्रामधाम, मंदिर परिसर और प्री-पेड बूथ तिराहा सहित मंदिर द्वारा संचालित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पर डॉक्टर, कंपाउंडर और पैरामेडिकल स्टाफ तैनात रहेगा। यहां आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा कर्कराज पार्किंग, बड़ा गणेश मंदिर के सामने, त्रिवेणी सरफेस पार्किंग और श्री महाकाल महालोक कंट्रोल रूम पर एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी।

निःशक्तजन, दिव्यांगजन और वृद्ध श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति व्हीलचेयर उपलब्ध कराएगी। जूता स्टैंड और प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के समीप व्हीलचेयर रखी जाएंगी। इनकी व्यवस्था के लिए तहसीलदार उज्जैन के माध्यम से कोटवारों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई जाएगी।

### अस्थायी जूता स्टैंड

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भील समाज धर्मशाला और झालरिया मठ के समीप सहित अन्य चयनित स्थानों पर अस्थायी जूता स्टैंड संचालित किए जाएंगे। इनका संचालन श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति करेगी।

### जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था

नागपंचमी पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर आगमन मार्ग के चयनित स्थानों पर पानी की बोतल, नाद आदि के माध्यम से पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

## इकोस्टैन इन्फ्रा ब्लैक-लिस्टेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट , भोपाल। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के उद्देश्यों की पूर्ति एवं पर्यावरणीय स्वच्छता की प्रतिबद्धता के दृष्टिगत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा लिगेसी वेस्ट रेमेडिएशन कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने पर एम/एस इकोस्टैन इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड को विभागीय निविदाओं के लिए ब्लैक-लिस्ट कर दिया गया है। नगर पालिक निगम बुरहानपुर अंतर्गत स्थापित लिगेसी वेस्ट डंपसाइट के बायोरेमेडिएशन, बायोमाइनिंग एवं वैधानिक अपशिष्ट निपटान का उत्तरदायित्व उक्त फर्म को सौंपा गया था। निर्धारित समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरांत भी कार्य की प्रगति सर्वथा असंतोषजनक पाई गई। विभाग द्वारा निर्गत लिखित निर्देशों एवं सुधार के पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने के बावजूद फर्म अपने अनुबंधीय दायित्वों के निर्वहन में निष्फल रही। नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने इस प्रशासनिक निर्णय की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि विभागीय गहन परीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर आवश्यक संयंत्रों, अत्याधुनिक मशीनरी तथा पर्याप्त मानव संसाधनों की नितांत अनुपलब्धता उजागर हुई।

## संपादकीय

### वाणी, आचरण और पुरुषार्थ से ही राष्ट्र निर्माण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर गुरुवार को सुभाषित शेयर किया है। प्रधानमंत्री की ओर से 'एक्स' पोस्ट में संस्कृत श्लोक, 'दैवं पुरुषकारेण यः समर्थः प्रबाधितुम्। न दैवेन विपन्नार्थः पुरुषः सोऽवसीदति॥' साझा किया गया। जिसका हिंदी अर्थ है, 'जो मनुष्य अपने दृढ़ संकल्प, अथक परिश्रम और पुरुषार्थ से प्रतिकूल परिस्थितियों को भी अनुकूल बनाने का सामर्थ्य रखता है, वह जीवन की बाधाओं से कभी पराजित नहीं होता बल्कि निरंतर प्रयास करते हुए सफलता प्राप्त करता है।' बीते दिन बुधवार को प्रधानमंत्री की ओर से 'एक्स' पर साझा किए गए सुभाषित में देश के युवाओं को सबसे बड़ी शक्ति बताया था। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए पोस्ट में उन्होंने लिखा था, 'हमारे युवा साथी देश का भविष्य ही नहीं, वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति भी हैं। उन्होंने अपनी संवेदनशीलता, सेवाभाव और सामर्थ्य से दुनियाभर में अलग पहचान बनाई है।' इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने संस्कृत का श्लोक भी 'एक्स' पर पोस्ट किया था, 'चक्षुषा मनसा वाचा कर्मणा च चतुर्विधम्। प्रसादयति यो लोकं तं लोकोऽनुप्रसीदति।।' इस श्लोक का हिंदी अर्थ है, 'जो व्यक्ति अपनी दृष्टि, विचारों, वाणी और कर्मों के माध्यम से लोगों का हृदय जीत लेता है, वह ही उनके विश्वास, सम्मान और सद्भाव का पात्र बनता है।' इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा गया था, 'अष्टौ गुणाः पुरुषं दीपयन्ति प्रज्ञा सुशीलत्वदमौ श्रुतं च। पराक्रमश्च बहुभाषिता च दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च।।' इस श्लोक का अर्थ है, 'ये आठ गुण मनुष्य के जीवन को प्रकाशमान करते हैं। बुद्धि उसके मार्ग को स्पष्ट करती है, सदाचार उसके आचरण को पवित्र बनाता है और संयम उसे अनुशासित रखता है। ज्ञान उसे विवेक देता है, वीरता कठिन परिस्थितियों में अडिग रखती है और वाणी की कुशलता उसे समाज में सम्मान दिलाती है। अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान करना और उपकारों के प्रति कृतज्ञ रहना उसके व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करते हैं।'

**धर्म-कर्म**

# लक्ष्मी को बढ़ाने वाली हैं ये 7 बातें, जीवन में अपनाएंगे तो बनी रहेगी सुख-समृद्धि

जीवन में धन कमाना जितना जरूरी है, उससे भी कहीं ज्यादा जरूरी है धन और सुख-समृद्धि को बनाए रखना। कई बार व्यक्ति के पास कमाई के साधन तो होते हैं, लेकिन गलत आदतों के कारण उसके जीवन में आर्थिक परेशानियां बनी रहती हैं। ऐसे में विदुर नीति जीवन को बेहतर बनाने वाली महत्वपूर्ण सीख देती है। विदुर नीति में सात ऐसे गुणों का उल्लेख मिलता है, जिन्हें लक्ष्मी और समृद्धि बढ़ाने वाला माना गया है।



**हमेशा धैर्य रखें**

जीवन में परिस्थितियां हमेशा एक जैसी नहीं रहतीं। मुश्किल समय में घबराकर गलत निर्णय लेने के बजाय धैर्य रखना जरूरी है। संयमित व्यक्ति अवसर आने पर सही फैसला लेने में सक्षम होता है।

**मन पर नियंत्रण रखें**

मन को हर समय चिंता, लालच और नकारात्मक विचारों में उलझाए रखना व्यक्ति की ऊर्जा कम करता है। विदुर नीति मन को नियंत्रित रखने और सोच-समझकर कदम उठाने की सीख देती है।

**इंद्रियों पर संयम बनाए रखें**

बिना सोचे खर्च करना, दिखावे के लिए पैसा उड़ाना या इच्छाओं के पीछे भागना आर्थिक परेशानी का कारण बन सकता है। इसलिए अपनी इच्छाओं और आदतों पर नियंत्रण रखना जरूरी है।

**पवित्रता बनाए रखें**

पवित्रता केवल बाहरी स्वच्छता नहीं, बल्कि विचारों और व्यवहार की शुद्धता से भी जुड़ी है। साफ नीयत और ईमानदार व्यवहार व्यक्ति के सम्मान को बढ़ाते हैं।

**दया का भाव रखें**

दूसरों के प्रति करुणा और सहयोग की भावना व्यक्ति को भीतर से समृद्ध बनाती है। जरूरतमंद की मदद करना भारतीय परंपरा में हमेशा शुभ माना गया है।

**वाणी को मधुर रखें**

कड़वे शब्द रिश्तों को कमजोर कर सकते हैं। विदुर नीति में कोमल और मर्यादित वाणी को महत्वपूर्ण माना गया है। मीठा और सम्मानजनक व्यवहार व्यक्ति के लिए नए संबंधों और अवसरों के रास्ते खोल सकता है।

**मित्रों से द्वेष न रखें**

सच्चे मित्र जीवन की बड़ी ताकत होते हैं। उनके प्रति ईर्ष्या या द्वेष रखने के बजाय विश्वास और सहयोग का भाव रखना चाहिए। अच्छे रिश्ते जीवन में मानसिक शांति और सहयोग दोनों देते हैं।

# रसोई घर में सिंक के नीचे डस्टबिन रखना सही या गलत? वास्तु गुरु से जानें इसका जवाब और उपाय

कई बार हम न चाहते हुए भी किचन से जुड़ी कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते है जिनकी वजह से वास्तु दोष का सामना करना पड़ता है। किचन से जुड़ा सबसे ज्यादा मन में आने वाला सवाल है कि क्या हमें सिंक के नीचे डस्टबिन रखना चाहिए या नहीं। अधिकतर घरों में किचन में सिंक के नीचे डस्टबिन रखा जाता है। आइए जानते हैं वास्तु गुरु मान्या से कि किचन में सिंक के नीचे डस्टबिन रख सकते हैं या नहीं। जानें इसका प्रभाव और उपाय।



### ● सिंक के नीचे डस्टबिन रखने सही या गलत ?

1) वास्तु गुरु मान्या बताती है कि जो लोग अपने किचन में सिंक के नीचे डस्टबिन रखते हैं तो ऐसे में घर की सुख शांति प्रभावित होती है। साथ ही कई और नुकसान का सामना भी करना पड़ता है।
2) वास्तु गुरु मान्या के अनुसार, ऐसा करने से तत्वों का टकराव होता है दरअसल, सिंक जल तत्व है और डस्टबिन राहु तत्व है ऐसे में दोनों के मिलने से राहु की की नकारात्मकता बढ़ती है।
3) ऐसा करने से घर के सदस्यों की सेहत पर काफी ज्यादा प्रभाव पड़ता है। पैसे का फ्लू रुकता है। साथ ही फिजूल खर्च भी तेजी से बढ़ने लगते हैं।
4) किचन की सिंक के नीचे डस्टबिन रखने से घर के सदस्यों और खासकर घर की महिलाओं की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। साथ ही रिश्तों में भी खटास आती है और मनमुटाव बना रहते हैं।

### ● सिंक के नीचे डस्टबिन रखने के उपाय

1) अगर आप सिंक के नीचे डस्टबिन रखते हैं और आपके पास डस्टबिन कहीं और रखने की जगह नहीं है तो सिंक के नीचे सेंधा नमक एक कांच के बाउल में रखें और इस नमक को हर हफ्ते बदलते रहें। हर हफ्ते नमक को सिंक में डालकर पानी चला दें ।
2) अगर सिंक के नीचे ही डस्टबिन रखना है तो ढक्कन वाला डस्टबिन ही रखें। हमेशा ढका हुआ डस्टबिन ही यहां रखें।
3) सिंक के नीचे कपूर की गोलियां जरूर रखें ताकि दुर्गंध और कीटाणु न आएं।
4) सूर्यास्त के पहले ही डस्टबिन को खाली कर दें। समय समय पर डस्टबिन को साफ रखें.

New Delhi

# लाल किला हमले का मास्टरमाइंड था अल-कायदा, UN रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के लाल किला इलाके में नवंबर 2025 में हुए आतंकी हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम ने रिपोर्ट तैयार की है. रिपोर्ट में अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट यानी AQIS को लाल किला हमले के पीछे जिम्मेदार संगठन बताया गया है.

रिपोर्ट 16 दिसंबर 2025 से 9 जून 2026 तक की गतिविधियों पर आधारित है. अगस्त 2026 में सुरक्षा परिषद के सामने रखी गई है. यह रिपोर्ट इसलिए अहम है क्योंकि इससे पहले फरवरी में सामने आई संयुक्त राष्ट्र



की पिछली रिपोर्ट में लाल किला धमाके को जैश-ए-मोहम्मद से जोड़ने वाली जानकारी का भी जिक्र हुआ था. इस हमले में 11 लोगों की मौत हो गई थी. भारत में इस मामले की जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी NIA कर रही है. NIA ने मई 2026 में लाल किला इलाके में हुए कार बम धमाके के मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ 7,500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी. एजेंसी के मुताबिक, सभी आरोपी अल-कायदा से जुड़े अंसार गजवत-उल-हिंद यानी AGuH के मॉड्यूल से जुड़े थे. NIA ने इसे AQIS यानी अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट से जुड़ा संगठन बताया है. जांच में सामने आया कि आरोपी आतंकी हमले की तैयारी कर रहे थे और IED, रॉकेट आधारित विस्फोटक और ड्रोन से जुड़े प्रयोग भी किए गए थे.

New Delhi

## 'यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लें', सरकार ने एअर इंडिया को दी चेतावनी; DGCA को दिए निर्देश



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सरकार ने एअर इंडिया को संचालन और निगरानी में सुधार करने तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारी लेने की कड़ी चेतावनी दी है। इसके साथ ही, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने विमानन नियामक डीजीसीए को ड्रग-टेस्टिंग नियमों में जल्द से जल्द बदलाव करने और अनिवार्य जांच से गुजरने वाले विमानन कर्मचारियों का दायरा बढ़ाने का आदेश दिया है।

सरकार ने विमानन नियामक को निर्देश दिया है कि जो लोग प्रतिबंधित ड्रग्स के सेवन के लिए पॉजिटिव पाए जाते हैं, उनके खिलाफ सजा के कड़े प्रावधान लागू किए जाएं। वहीं, जिन कर्मचारियों के टेस्ट परिणाम किसी डॉक्टर द्वारा लिखी गई मेडिसिन के कारण पॉजिटिव आते हैं, उन्हें स्पष्टीकरण के लिए अतिरिक्त मौके दिए जाएं। गौरतलब है कि 4 अगस्त को 145 यात्रियों को ले जा रही एअर इंडिया की फुकेत-दिल्ली उड़ान AI 2379 में बड़ी तकनीकी खराबी देखने को मिली थी। इस उड़ान के पायलट-इन-कमांड का डोप टेस्ट पॉजिटिव आया था। सूत्रों के अनुसार, पायलट ने जांचकर्ताओं को बताया है कि व्यक्तिगत समस्याओं के कारण नींद की गोलियां खानी पड़ी थीं, इसी वजह से उसका डोप टेस्ट पॉजिटिव आया। इसके अलावा, केबिन क्रू द्वारा शिकायत किए जाने के बाद विमान में पायलट के व्यवहार की भी कड़ी जांच की जा रही है।

Punjab

## ऑनलाइन गेमिंग में नुकसान के बाद तीन दोस्तों ने निगला जहर, दो की मौत तीसरे की हालत खतरे से बाहर

**नवांशहर, (एजेंसी)** पंजाब के नवांशहर के गढ़ पधाना गांव में ऑनलाइन गेमिंग में नुकसान के बाद तीन दोस्तों के जहरीला पदार्थ निगलने का मामला सामने आया है। घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।


पुलिस के अनुसार 21 वर्षीय दिलप्रीत सिंह को ऑनलाइन गेमिंग में कथित तौर पर काफी नुकसान हुआ था। इसके बाद उसने अपने करीबी दोस्तों 15 वर्षीय परमजीत सिंह और 15 वर्षीय मनिंदर सिंह को जहरीला पदार्थ निगलने की बात बताई। इसके बाद दोनों ने भी जहरीला पदार्थ निगल लिया। बताया गया कि तीनों की हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। परमजीत की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दिलप्रीत ने देर रात दम तोड़ दिया। मनिंदर का उपचार चल रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि परमजीत और मनिंदर ऑनलाइन गेमिंग में शामिल थे या नहीं। फिलहाल किसी ने घटना के लिए किसी व्यक्ति को जिम्मेदार नहीं ठहराया है।

Leh

## लद्दाख के लेह में 5.5 तीव्रता का भूकंप, सुबह-सुबह हिली धरती

**लेह, (एजेंसी)** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (NCS) के बयान के अनुसार, गुरुवार सुबह लद्दाख के लेह में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप सुबह करीब 6 बजे 10 किलोमीटर की कम गहराई पर आया। अभी तक किसी के हताहत होने या बड़े पैमाने पर ढांचागत नुकसान की कोई खबर नहीं है।

NCS ने X पर एक पोस्ट में कहा, 'भूकंप की तीव्रताः 5.5, समयः 13/08/2026 06:05:15 IST, अक्षांशः 36.881 N, देशांतरः 74.402 E, गहराईः 10 किमी, स्थानः लेह, लद्दाख।' भूकंप पृथ्वी की सतह और सतह के नीचे लगभग 700 किलोमीटर के बीच कहीं भी आ सकते हैं। वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए, USGS डेटा के अनुसार, 0-700 किमी की इस भूकंप गहराई



सीमा को तीन क्षेत्रों में बांटा गया हैः उथला, मध्यम और गहरा। उथले भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उथले भूकंपों से निकलने वाली भूकंपीय तरंगों को सतह तक पहुंचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ती है, जिसके परिणामस्वरूप जमीन में तेज कंपन होता है और संरचनाओं को अधिक नुकसान और अधिक लोगों के हताहत होने की संभावना होती है।

खेल

# उज्जैन की विधि-उत्कर्षा ने जीता गोल्ड फाइनल मुकाबले में नेपाल में चीन को हराया

### 25 देशों के बीच दिखाया दम



**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की दो छात्राओं विधि शर्मा और उत्कर्षा पाल ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के नाम स्वर्ण पदक किया है। नेपाल में 7 से 11 अगस्त तक आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट के डबल्स मुकाबले में दोनों ने फाइनल में चीन की टीम को शिकस्त देकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

तराना निवासी विधि शर्मा, जो योग अध्ययनशाला में पीजी डिप्लोमा की छात्रा हैं, और उज्जैन की उत्कर्षा पाल, एमए इन योगा की छात्रा हैं। दोनों का चयन खेलो इंडिया के तहत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। टूर्नामेंट में उन्होंने शुरुआत से ही मजबूत तालमेल और आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया और सेमीफाइनल में मलेशिया की टीम को हराया। इसके बाद फाइनल में चीन की जोड़ी को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

**25 देशों की टीमों ने लिया हिस्सा-** नेपाल में हुए इस टूर्नामेंट में 25 देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिस्पर्धा में विधि और उत्कर्षा ने डबल्स वर्ग में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों की बैडमिंटन में शुरुआत से रुचि रही है। वे इससे पहले विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर प्रदर्शन कर चुकी हैं। दिल्ली में खेलो इंडिया के तहत हुए चयन के बाद उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।

**15 अगस्त को उज्जैन लौटेंगी-** विधि शर्मा के पिता मुकेश शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे उज्जैन और मध्यप्रदेश के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि दोनों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश और शहर का नाम रोशन किया है। विधि और उत्कर्षा 15 अगस्त को उज्जैन पहुंचेंगी, जहां उनके स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।

सिनेमा

# हिना खान पर क्यों भड़की एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट? बोलीं- 'अगर आप इतने पैसे वाली हैं तो...'




बिग बॉस 11 के घर में कुछ दुश्मनियां ऐसी बनीं जो आजतक भी कायम हैं। ऐसी ही एक दुश्मनी थी हिना खान और अर्शी खान की।अर्शी खान कई मौकों पर हिना खान पर अपनी भड़ास निकालती रही हैं। अब एक बार फिर अर्शी ने हिना खान पर भड़ास निकाली है। उन्होंने सवाल उठाया है कि हिना ने समाज के लिए किया ही क्या है? उन्होंने हिना खान और शिल्पा शिंदे की तुलना की। बॉलीवुड बबल में अर्शी खान से हिना और उनकी अनबन को लेकर सवाल हुआ। उन्होंने सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वो हिना खान का नाम भी नहीं लेना चाहती हैं। इसी बातचीत के दौरान उन्होंने शिल्पा शिंदे की तारीफ भी की। अर्शी खान ने कहा- मैं सच बता रही हूं, मैं उसका नाम भी नहीं लेना चाहती हूं। अर्शी ने सवाल उठाया कि हिना ने आजतक समाज के लिए किया ही किया है। हिना के किसी फैन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा- हिना ने दरअसल हैंडपंप दान नहीं किया है। उसके किसी फैन ने उसके नाम से लगवाकर दिया है कि लोग पानी पिएंगे तो दुआ मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि हिना ने समाज के लिए कुछ भी नहीं किया। वहीं, शिल्पा बूढ़ी महिलाओं के लिए काम करती हैं। अर्शी ने कहा- तो शिल्पा चीजें कर रही है।

## Highlights

1. HC cancels OBC certificates issued under revised rules by TMC govt
2. Udupi set for a thrilling angling contest at Mattu Beach
3. BJP hits back at Siddaramaiah over electoral reform remarks
4. NITK Surathkal team wins national aerospace hackathon
5. Mangaluru embraces Har Ghar Tiranga with flags across NMPA colony
6. Mangaluru's old Bunder goods shed to become railway ballast yard
7. Two held in Kerala with 6 kg ganja meant for students during Onam
8. Kerala duo held for gunpoint robbery and photo leak

# Studying Barbie and Ken, Samsung's foldable momentum, and asking Google Maps




**NEW DEIHI, (Agency).** Opening thoughts. Toys, realism and diversity? It took a while, but Barbie and Ken finally have a reality check to contend with. Nearly 70 years after the debuts of the impossibly perfect Barbie and Ken, a new study from the Adelaide University and UNSW Sydney which analysed the latest Barbie and Ken dolls for body proportions, notes that key metrics now seem closer to real life. This follows a previous study from 1996, which found that Barbie and Ken's body proportions were almost unattainable in real life. The reason for this periodic attention on the two popular doll characters is summarised by Associate Professor Sara Grafenauer, from UNSW Medicine & Health.

"Barbie and Ken are among the most recognisable cultural icons globally, and for many children, they're an early and influential representation of what bodies of adults 'should' look like," explains Grafenauer, who is Lead researcher on the study. "Our study found that Barbie and Ken's body proportions today have become markedly more realistic, with waist-to-hip and chest-to-waist measurements now falling within the normal range for key female body proportions, albeit still below the typical female averages," she adds.

The study notes that children's toys do more than entertain (I can testify to that logic, as an avid die cast car collector even post 40 years), and believes the diversification is a positive trend towards shaping perceptions.

PREVIOUSLY, ON WIRED WISDOM

EDITOR'S MARGIN

SAMSUNG HAS MOMENTUM, AND FINESSE

There, I said it. Samsung has momentum and that momentum comes from a finely crafted current generation of foldable phones. There are two important pieces of data to work with. First, Samsung says that preorders for the latest Galaxy Z Fold8 Ultra, Galaxy Z Fold8 and Galaxy Z Flip8 are 30% higher globally when compared with the previous generation.

Secondly, specific to India, the three foldables have shattered pre-order records with 2,71,000 pre-orders received within just 72 hours of their July 22 launch; last year, it took 15 days to receive a similar number of pre-orders for the Galaxy Z Fold7 and Z Flip7, which were fantastic in their own right. That's astonishing, considering the phones have starting price tags of ₹1,99,999 (Galaxy Z Fold8 Ultra), ₹1,79,999 (Galaxy Z Fold8) and ₹1,24,999 (Galaxy Z Flip8). I'll touch upon this in a moment. As an aside, I'm not exactly sure how delivery timelines may possibly change, even if the impact is limited to certain buyers.

There is little that surprises me about both pieces of data that Samsung has shared this week. In my analysis of the unique passport-like form factor Samsung Galaxy Z Fold8, I noted how this "ushers a spectacular era for foldables," and noted how this form factor is surprisingly handy, remarkably fun and the sort of form factor you didn't know you needed. And much more.

चातुर्मास के लिए इंदौर में रुके जैन संत का निधन

# सार्वजनिक उद्यान में किया अंतिम संस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चातुर्मास के लिए रुके वृद्ध जैन संत का निधन हो गया और अनुयायियों ने केसरबाग के विद्यासागर उद्यान में ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया। इससे कॉलोनी के दूसरे परिवारों में नाराजगी है। उनका कहना है कि बगीचे में रोज महिलाएं और बच्चे जाते हैं और सुबह ट्रैक पर भी लोग टहलने आते हैं।**




कुछ रहवासियों ने इसका विरोध भी जताया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची और विवाद शांत करने की कोशिश की। यह भी पता चला है कि निधन के बाद जैन संत का अंतिम संस्कार उद्यान में करने के लिए समाज के लोग आवेदन देने थाने भी गए थे, लेकिन सार्वजनिक उद्यान का हवाला देते हुए पुलिस अफसरों ने अनुमति नहीं दी। इसके बाद सुबह उद्यान में ही जैन संत की अंत्येष्टि कर दी गई। उद्यान नगर निगम का है। इस कारण अंतिम संस्कार किए जाने की जानकारी रहवासियों ने नगर निगम अधिकारियों को भी दी है। पंद्रह दिन पहले जैन समाज के संत चातुर्मास के लिए केसरबाग में रुके थे। 80 वर्षीय संत की तबीयत खराब थी। बुधवार रात उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई और उन्होंने अंतिम सांस ली। समाज के लोगों ने मुक्तिधाम के बजाय कॉलोनी के बगीचे में ही अंतिम संस्कार करने का फैसला लिया। सुबह जब उद्यान में लोगों ने चिता जलती देखी तो पुलिस और नगर निगम अधिकारियों को सूचना दी। अफसरों के पहुंचने तक अंतिम संस्कार की क्रिया संपन्न हो चुकी थी। समाजजनों ने कहा है कि चिता ठंडी होने के बाद वे उद्यान के हिस्से को साफ करवा देंगे।

# असिस्टेंट प्रोफेसर युवती ने लगाई फांसी

## रूम पार्टनर के साथ रहती थी फ्लैट में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तुकोगंज क्षेत्र में एक निजी कॉलेज में पदस्थ 32 वर्षीय असिस्टेंट प्रोफेसर दिव्या सोनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अपनी एक रूम पार्टनर के साथ किराए के फ्लैट में रह रही थी। उन्होंने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। घटना बुधवार शाम की है, जब दिव्या ने अपने फ्लैट में फांसी लगा ली। उस समय उनकी रूम पार्टनर बाहर गई हुई थी। शाम को जब वह वापस लौटी, तो फ्लैट का दरवाजा भीतर से बंद था। बार-बार घंटी बजाने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर कमरे में पंखे से बंधे फंदे पर दिव्या लटकी हुई थी। मूल रूप से छतरपुर की रहने वाली दिव्या पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी के सिलसिले में इंदौर आई थी और पिछले दो वर्षों से यहीं रह रही थी। उन्होंने तुकोगंज स्थित 'रूपांकन अपार्टमेंट' में फ्लैट किराए पर लिया था और 'विक्रम कॉलेज' में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थीं। दिव्या के साथ रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से उदास रहती थी, लेकिन कभी ऐसा नहीं लगा कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगी। उसने तनाव की वजह का भी कभी जिक्र नहीं किया था। पुलिस ने दिव्या का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है, ताकि यह जानकारी जुटाई जा सके कि घटना से पहले उसने किन-किन लोगों से बात की थी।

# बैग में छिपाकर रखी थी 1 लाख 20 हजार की ड्रग्स



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच को नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 12 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस अब आरोपी से जुड़े नेटवर्क की पड़ताल कर रही है कि वह यह खेप कहां से लाया था और किसे देने जा रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम मंगलवार को एमआर-10 ब्रिज के नीचे, टंट्यामामा भील टर्मिनल के समीप गश्त पर थी। इसी दौरान सड़क किनारे नीले रंग का पिठ्ठु बैग टांगे एक अकेला युवक दिखाई दिया। टीम ने घेराबंदी कर जब उससे पूछताछ शुरू की तो वह घबरा गया। आरोपी की पहचान सुखलिया निवासी अमित वर्मा के रूप में हुई है। युवक के संतोषजनक जवाब न देने पर पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली। बैग की बाहरी जेब में रखी एक ट्रांसपरेंट प्लास्टिक की जिप लॉक थैली से 12 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अनुमानित अंतरराष्ट्रीय कीमत एक लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी 12वीं पास है और कटलरी का व्यापार करता है। उस पर पूर्व में भी थाना हीरा नगर और एमजी रोड में 2 मामले दर्ज हैं।

2015 के अंधे कत्ल का खुलासा

# लिफ्ट के बहाने ले गए और लूटकर कर दी हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खजराना थाना क्षेत्र में वर्ष 2015 में हुए 17 वर्षीय कृष्णा के अंधे कत्ल का पुलिस ने 12 साल बाद खुलासा किया है। पुलिस ने हत्या और लूट के मामले में दो आरोपियों अकील उर्फ नाईट्रा और आरिफ को गिरफ्तार किया है। वहीं, वारदात में शामिल तीसरे आरोपी परवेज की मौत हो चुकी है। डीसीपी अमन सिंह राठौर ने बताया कि 17 अप्रैल 2015 को खजराना बायपास के पास 17 वर्षीय कृष्णा का शव मिला था। मामले में खजराना थाने में हत्या की धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। उस समय आरोपी अज्ञात होने के कारण पुलिस उनकी पहचान नहीं कर सकी थी। करीब 12 साल से मामले की जांच और आरोपियों की तलाश जारी थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अकील, आरिफ और परवेज ने मिलकर कृष्णा की हत्या की थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच में सामने आया कि अकील के खिलाफ लूट और हत्या समेत 14 मामले दर्ज हैं और वह कई बार जेल जा चुका है। वहीं, आरिफ के खिलाफ भी तीन गंभीर मामले दर्ज हैं। तीसरे आरोपी परवेज की मौत हो चुकी है। पुलिस ने अकील और आरिफ को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो दोनों ने कृष्णा की हत्या और लूट की वारदात कबूल कर ली।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

"एक सलाहकार और शुभचिंतक"

।। बाबापण्डित ।।

(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक